Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an under-bridge on level crossing No. 162 at village Vilpan on Udaipur-Himmatnagar railway line in Gujarat.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) ः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। उदयपुर से हिम्मतनगर, अहमदाबाद रेलवे लाइन पर ग्राम पंचायत छापी, गांव-विलपन में गेट नं. 162 पर स्थानीय जनता द्वारा अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग लंबे वक्त से की जा रही है। मैंने पूर्व रेल मंत्री जी से भी इस संबंध में आग्रह किया था किंतु उपरोक्त कार्य में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है क्योंकि यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है, अतः इस पर त्वरित कार्रवाई अपेक्षित है। उपरोक्त मांग पूरी न होने से वहां की स्थानीय जनता में भारी रोऐ व्यापत है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जनहित में शीघ्र-अतिशीघ्र उदयपुर से हिम्मतनगर, अहमदाबाद रेलवे लाइन पर ग्राम पंचायत छापी, गांव-विलपन में गेट नं. 162 पर अंडर ब्रिज का कार्य अविलम्ब शुरू कराया जाए।